बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड

(बिहार सरकार का एक उपक्रम)
निबंधित कार्यालय : अस्पताल मार्ग शास्त्रीनगर, पटना–800023

BIHAR STATE BUILDING CONSTRUCTION CORPORATION LTD.

(A Government of Bihar Undertaking)
Regd. Office: HOSPITAL ROAD, SHASTRI NAGAR, PATNA-800023

पत्रांक:–बी0एस0बी0सी0सी0एल0–सी0जी0एम0–स्था0–04–23–13 979 दिनांक–21.03.2014

कोटेशन आमंत्रण सूचना।

बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना द्वारा कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के तहत बिहार के धरोहर भवनों/सांस्कृतिक विरासत के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के मद्देनजर राज्य में स्थित सांस्कृतिक विरासत/धरोहर भवनों पर पुस्तकों की श्रृंखला का प्रकाशन करवाया जा रही है। इस संदर्भ में राज्य के विभिन्न धरोहर भवनों के छायाचित्रों एवं उनसे संबंधित जानकारियों को उपलब्ध कराने हेतु इस कार्य से जुड़े फोटोग्राफरों से प्रति फोटोग्राफ दर आमंत्रित किये जाते है।

नियम एवं शर्तें :–

(i) राज्य के विभिन्न धरोहरों भवनों की फोटोग्राफी प्रमंडलवार/जिलावार किया जायगा।

(ii) यह कार्य दो से तीन चरणों में पूरा किया जायेगा।

(iii) चयनित फोटोग्राफर को एक चरण में कम से कम तीन या चार प्रमंडलों में फोटोग्राफी हेतु भेजा जा सकता है।

(iv) राज्य के विभिन्न प्रमंडलों/जिलों में फोटोग्राफी एवं संबंधित जानकारियों को इकट्ठा कराने हेतु जरूरत अनुसार वाहन एवं आवासन तथा भोजन की व्यवस्था निगम के तरफ से किया जायगा।

(v) चयनित फोटोग्राफर द्वारा उक्त स्थलों का डिजिटल फोटोग्राफ्स का कम से कम 10 Soft कॉपी उपलब्ध कराने होंगे जिनमें से निगम द्वारा प्रत्येक स्थल का 3 से 4 फोटोग्राफ्स चयनित किये जाएँगे एवं केवल चयनित फोटोग्राफ्स का ही निर्धारित दर से भुगतान किया जायेगा।

(vi) संबंधित धरोहर भवनों/स्थलों की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए अलग से किसी प्रकार का भुगतान नहीं किया जाएगा।

(vii) कोटेशन जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक–29.03.2014 के अपराह्न 3.00 बजे तक होगी।

(viii) इस संदर्भ में विशेष जानकारी निगम के बेवसाइट www.bsbccl.bih.nic.in से या निगम के कंपनी सचिव के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

21.03.14

कंपनी सचिव
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0,
पटना।

Fax No. : 0612-2280324
E.mail ID : bsbccl.patna@yahoo.com